धनबाद, शुक्रवार
17 अप्रैल, 2026
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

www.jagran.com

प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

नितिन नवीन, 15 अन्य ने रास सदस्य के रूप में शपथ ली 9

धर्म के आधार पर नहीं मिलेगा आरक्षण : शाह 1

डीपीएस आसनसोल में सुचेता सरकार बनी स्कूल टापर

सुचेता 98.4 फीसदी के साथ प्रथम, रुद्रांश 97.6 दूसरा और वेदांत को 97.4 प्रतिशत अंक

जागरण संवाददाता,आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने इस वर्ष सीबीएसई कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया ।

परीक्षा में सुचेता सरकार 98.4 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं। रुद्रांश कुशवाहा 97.6 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा वेदांत गादयान 97.4 फीसदी अंकों के साथ

तृतीय स्थान पर रहे। विषयवार प्रदर्शन में भी छात्रों ने उत्कृष्टता दिखाई। प्रियम ने गणित में शत प्रतिशत अंक, जबकि सुचेता सरकार एवं वेदांत गादयान ने सामाजिक विज्ञान में और प्रियम, सुचेता, तनुश्री एवं टिया ने कंप्यूटर विषय में शत

सुचेता सरकार

रुद्रांश कुशवाहा

वेदांत गादयान • जागरण

प्रतिशत अंकर पाकर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, तनुश्री ने हिंदी में 99 फीसदी अंक प्राप्त किए, जबकि सुचेता सरकार ने बंगाली में 99 फीसदी एवं अंग्रेजी में 95 फीसदी अंक अर्जित किए। विद्यालय की इस सफलता में खेल-कूद की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूर्या सारथी ने 94.8 फीसदी अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने कहा शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और छात्रों की लगन एवं अनुशासन ने मिलकर एक ऐसा सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार किया, जिसने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता का सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सफलता से उत्साहित होकर छात्र अधिक लगन एवं आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर परिणामों की आशा व्यक्त की।